मीडिया रिलीज

## बीईएमएल से नई हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर

****अधिकाधिक कार्य के प्रदर्शन के लिए अभिनव विशेषताएं****

बीईएमएल लिमिटेड, जो रक्षा मंत्रालय के तहत एक प्रमुख निर्माण और खनन उपकरण विनिर्माण सार्वजनिक उपक्रम है, द्वारा एक नया हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर मॉडल "बीई210एलसी" लॉन्च किया गया है और बेंगलूरु में एक्सकॉन प्रदर्शनी 2019 में इसका प्रदर्शन किया गया है।

बीईएमएल के आरएंडडी द्वारा डिज़ाइन और विकसित इस उच्च प्रदर्शन और बीहड़ एक्सक्यावेटर का अनावरण श्री एम.वी. राजशेखर, निदेशक (खनन और निर्माण) बीईएमएल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री आर. एच. मुरलीधरा, निदेशक (रक्षा) बीईएमएल द्वारा किया गया।



*एक्सकॉन 2019 में बीईएमएल स्टॉल के उद्घाटन के दौरान अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्री आर. एच. मुरलीधरा, निदेशक (रक्षा), श्री एम.वी. राजशेखर, निदेशक (खनन और निर्माण)*



*बीई210एलसी हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर के साथ निदेशकगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण*

हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर मॉडल "बीई210एलसी" अधिकतम उपयोग के लिए डिज़ाइन किया गया है, सर्वश्रेष्ठ ईंधन कुशल और एर्गोनॉमिक रूप से डिज़ाइन किया गया केबिन जो अधिकाधिक कार्य प्रदर्शन को जोड़ता है। इसका ऑपरेटिंग द्रव्यमान 21,000 किलोग्राम है जिसकी बकेट की क्षमता लगभग 1.0 घन मीटर है। यह एक्सक्यावेटर विभिन्न निर्माण और अवसंरचना उत्खनन गतिविधियों के लिए सबसे उपयुक्त है और इसमें सामान्य कामकाजी परिस्थितियों के लिए मानक मोड और हेवी ड्यूटी अनुप्रयोगों के लिए ’एच’ मोड है।

इसके अलावा, बीईएमएल अपने अन्य उन्नत निर्माण उपकरण जैसे मोटर ग्रेडर्स मॉडल "बीजी205-आई" और "बीजी405ए", बुलडोज़र मॉडल "बीडी65-1" और "बीडी85-1" और व्हील लोडर मॉडल "बीएल30-1" का प्रदर्शन कर रहा है।




*एक्सकॉन प्रदर्शनी 2019 बीई210एलसी हाइड्रॉलिक एक्सक्यावेटर लॉन्च किया गया*

इस विषय पर ध्यान दिया जा सकता है कि, बीईएमएल ने अपने आरएंडडी के माध्यम से 40 से अधिक उत्पादों को स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया है और दुनिया भर के 65 देशों में निर्यात किया है।

बेंगलूर **|10.12.2019**